तेरापंथ युवक परिषद्, फरीदाबाद

तेरापंथ भवन, डी - २/१३, डी. एल. एफ., सैक्टर - १०, फरीदाबाद

अध्यक्ष, विजय नाहटा (9810733542)

मंत्री, नवीन छाजेड़ (9891294525)

कोषाध्यक्ष, आनंद सेठिया (9810889789)

उपाध्यक्ष
संजीव बैद
अभय भंसाली

सह-मंत्री
भरत बेगवॉनी
विवेक बैद

संगठन मंत्री
संकेत लुणिया

कार्यकारिणी
शुभ करण सेठिया
शांति लाल जैन
नरेन्द्र गिडिया
रमेश बांठिया
पंकज बैद
ऋषभ बांठिया
कमल बैद
सचिन गोलछा
नितेश बैद
प्रमोद दुगड़
आनंद कोठारी
मोहित बोरड
विकास सांड

एक शाम भिक्षु के नाम

"आज से ढाई शताब्दी पूर्व एक महामानव ने घोर झंझावातों से गुजरते हुए, धर्म क्रांति की ध्वजा थाम कर अँधेरी ओरी की भयावह स्तिथि से तेरापंथ रूपी मशाल की लौ प्रज्जवलित की। लगभग दो शताब्दी पूर्व "म्हारे साधु जीवन में कोई ऊणायत कोनी रही" इस आत्मतोष भाव के साथ सिरियारी में पंडित मरण के साथ इस महापुरुष का इस लोक से अवसान हुआ। पर, उनके द्वारा जलाई गयी धर्मक्रान्ति की लौ आज भी अबाध गति से जल रही हैं, जलती रहेगी।"

उपरोक्त विचार समणी श्री मंजुल प्रज्ञा ने तेरापंथ भवन, फरीदाबाद में आयोजित 207 वे भिक्षु चरमोत्सव पर व्यक्त किये।

सायंकालीन संगीतमयी स्वरांजलि "एक शाम भिक्षु के नाम" द्वारा तेरापंथ युवक परिषद्, फरीदाबाद ने इस महामानव को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किये। भारी जल वर्षा के उपरांत श्रावक समाज ने अत्यंत उत्साह के साथ इस कार्यक्रम में उपस्तिथ होकर भिक्षु का स्मरण किया।

भिक्षु अष्टकम के सुमधुर संगान द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत हुई, जिसे समणी मंजुल प्रज्ञा ने तेरापंथ प्रबोध के संगान द्वारा गति प्रदान की। इस अवसर पर समाज के श्रावक श्राविकाओ ने अपनी-अपनी प्रस्तुति द्वारा आचार्य श्री भिक्षु को श्रद्धांजलि अर्पित की।

दिल्ली से आमंत्रित मित्र भजन मंडली के साथ समस्त श्रावक समाज ने भिक्षु नाम का ऐसा समाँ बांधा कि सम्पूर्ण वातावरण भिक्षुमय हो गया।

इस अवसर पर श्री टी. एम. लालानी, श्री आई. सी. जैन, श्री लक्ष्मी पत लुणिया, श्री राम लाल बोरड, श्री पारस मल सांड सहित समाज के गणमान्य महानुभाव उपस्तिथ थे। कार्यक्रम का संचालन श्री बहादुर सिंह दुगड़ ने किया।

भरत कुमार बेगवॉनी
सह - मंत्री
(+91-9871110360)